हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

डाइट में युवा संवाद का आयोजन, मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भरवाए फार्म

मण्डला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थानों में इएलसी (इलेक्शन लिट्रेसी क्लब) गठित किए जाकर इसके लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल नामदेव धोटे के मार्गदर्शन में मंगलवार को डाइट सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डाइट प्राचार्य की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इसमें उपस्थित युवा छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रतिनिधियों ने वोटर हेल्पलाइन एप, ईसीआई एप, ई-एपिक कार्ड डाउनलोड करने, फॉर्म-6, फॉर्म-8 सहित स्वीप गतिविधियों के बारे में बताया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें स्वयं आगे आकर मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्रत्येक कक्षा में 2-2 को-ऑर्डिनेटर बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई, जो अपने साथियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करेंगे। संवाद कार्यक्रम में मौके पर ही कई युवाओं से फॉर्म भरवाए गए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रतिनिधि, डाइट स्टाफ और बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी मौजूद रहे।

शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर का दायरा तंबाकू मुक्त हो-कलेक्टर

ढाबा में मिली शराब तो ढाबा सील

*** क्या सूखे नशे के कारोबार पर भी कसी जायेगी नकेल?**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिला योजना भवन में सोमवार को जिला स्तरीय नशा मुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने की। बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि नशा नाश का कारण है। टीनएज और युवा वर्ग सबसे अधिक नशे की चपेट में आ रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे को तंबाकू मुक्त करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड भ्रमण के दौरान स्कूल-कॉलेजों का निरीक्षण करते समय इसे अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएं। यदि 100 मीटर के दायरे में तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की दुकानें संचालित हो रही हैं तो आवश्यकता अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों, पैथोलॉजी लैब और औद्योगिक इकाइयों की लैब में उपयोग होने वाले रासायनिक यौगिकों का भी ऑडिट किया जाना आवश्यक है, ताकि कोई भी तत्व ऐसे रसायनों का नशे के रूप में दुरुपयोग न कर सके।

बैठक में सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पीयूष पांडे ने समिति के समक्ष प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समिति की सभी बैठकों एवं की गई कार्रवाई की संबंधित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एंट्री कराई जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शिरी, एसडीएम मंडला शैलेन्द्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन, राजेश कौशिक एवं सुश्री रेखा देशमुख सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



एसडीएम द्वारा की गई छापामार कार्यवाही

जिला प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि किसी भी ढाबा, होटल या रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब का भंडारण या विक्रय पाया गया तो उसे तत्काल प्रभाव से सील किया जाएगा। इसी कड़ी में 12 अक्टूबर 2026 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला श्री शैलेन्द्र चौधरी के निर्देश पर राजस्व, आबकारी एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने अनुभाग मंडला अंतर्गत ग्राम मोहनटोला स्थित एन.आर. ढाबा पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान ढाबा परिसर में अवैध रूप से देशी एवं विदेशी शराब का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। दल ने मौके से अवैध मदिरा जप्त कर पंचनामा तैयार किया और नियमानुसार ढाबा को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी मंडला श्री शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि समस्त ढाबा, होटल संचालकों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है। नशा मुक्ति अभियान के तहत यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। किसी भी ढाबे-होटल को नशाखोरी का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, प्रभारी राजस्व निरीक्षक महाराजपुर श्री नीरज वरकड़े, हल्का पटवारी, आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व आपदा प्रबंधन दिवस पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

विश्व आपदा प्रबंधन दिवस के अवसर पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी, मंडला में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपायों एवं प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क, साहसी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीईआरएफ मंडला की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा, जल सुरक्षा एवं विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षण और प्रदर्शन किए गए। विद्यार्थियों को आग के विभिन्न प्रकारों को बुझाने के तरीकों, जल दुर्घटनाओं के दौरान लाइफ जैकेट के सही उपयोग तथा छत से सुरक्षित रेस्क्यू और नदी पार करने जैसी परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों का प्रदर्शन करके समझाया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आपदा के समय सुरक्षा नियमों का पालन करने और बचाव कार्यों के महत्व को समझा।

कार्यक्रम में चिकित्सकीय आपातकालीन स्थितियों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. हर्षिता अग्रवाल ने सीपीआर देने की प्रक्रिया तथा सड़क दुर्घटना जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों से विद्यार्थियों को जीवन रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं।

यह कार्यक्रम ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के डायरेक्टर निशांत शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. दिव्या शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपदा प्रबंधन से संबंधित अभ्यास एवं प्रदर्शनों का संचालन एसडीईआरएफ, मंडला के कंपनी कमांडर हेमराज परस्ते द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला युवा अधिकार भुवन सिंह सोलंकी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



एक्सीलेंस स्कूल, अमल ज्योति और ज्ञानदीप ने दी विपक्षी टीम को पटखनी

*** अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में आज खेले जायेगे 3 मैच।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवे दिन मंगलवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत 3 मैच खेले गए। पहला मैच भारत ज्योति विद्यालय और बैल वेदर स्कूल के बीच खेला गया। पहला मैच केंद्रीय विद्यालय संगठन व एक्सीलेंस, दूसरा मैच अमल ज्योति स्कूल व बैल वेदर और तीसरा व आखिरी मुकाबला ब्रेन चाइल्ड अकादमी व ज्ञानदीप के मध्य खेला गया।

एक्सीलेंस स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के बीच हुए रोमांचक मैच में एक्सीलेंस स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय विद्यालय को दो शून्य से हराकर प्रतियोगिता में अपना अजय रहने का सिलसिला जारी रखते हुए पूल टेबल पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। एक्सीलेंस स्कूल की तरफ से पहला गोल कुणाल व दूसरा गोल चमन ने किया। अमल ज्योति व बैल वेदर के बीच हुए दूसरे मैच में भी दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन अमल ज्योति ने दो बेहतरीन गोल कर जीत दर्ज की। अमल ज्योति की तरफ से अथर्व व वेदांत ने एक-एक गोल किए। अंतिम मैच ज्ञानदीप स्कूल और ब्रेन चाइल्ड अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में ज्ञानदीप ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रेन चाइल्ड अकैडमी को तीन शून्य से शिकस्त दी। ज्ञानदीप की तरफ से ओम नीरज व शिवम ने एक-एक गोल किए। बुधवार को प्रतियोगिता के सातवें दिन तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मैच नेहरू शाला महाराजपुर व एक्सीलेंस स्कूल के बीच होगा। दूसरा मैच भारत ज्योति विद्यालय और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 व तीसरा मैच मोंटफोर्ट स्कूल और बैल वेदर के बीच खेला जाएगा। जिला फुटबाल संघके सचिव पंकज उसराठे ने सभी फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

इस दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, वरिष्ठ खिलाडी पुरषोत्तम उसराठे, जिला फुटबाल संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, अनूप बासल, चंद्रेश खरे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष राजेश पाठक, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव पंकज उसराठे, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, कुश्ती संघ के सचिव संदीप कुछवाह, कीड़ा भारती के अध्यक्ष योगेश कुछवाह, कराते संघ के सचिव त्रिलोक डोंगरी, शशांक मिश्रा, बिलाल अहमद खान, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, मतीन खान, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे, रमन चौरसिया, ऋषि राय, योगेश चौरसिया, मिनी सिंह, अविनाश पापलर जैन, सुरजीत नायर कुट्टन, देवेंद्र सरोते, गंगा कुंजाम, प्रथम चौकसे, अतुल चीचाम, संतोष धुर्वे, लक्षय मरावी उपस्थित थे।

नवरात्रि पर्व को लेकर मंडला पुलिस अलर्ट, शहर में निकाला फ्लैग मार्च एवं दुर्गा पंडालों का किया निरीक्षण



मण्डला। पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन में नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंडला पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में एसडीओपी मंडला के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली शफीक खान, सूबेदार योगेश राजपूत, थाना स्टाफ एवं पुलिस लाइन के बल द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च ईदगाह, राजीव कॉलोनी एवं झंडा चौक सहित प्रमुख क्षेत्रों से निकाला गया। इस दौरान शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों एवं आयोजकों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं कम रखने, वैध विद्युत व्यवस्था सुरक्षित रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निर्देश | नॉन अटेंड शिकायत पर लगेगा जुर्माना, संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार-कलेक्टर।

री-ओपन कराकर होगा संतुष्टिपूर्ण निराकरण

*** समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिला योजना भवन में सोमवार को कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के साथ साथ शुक्रवार को आयोजित होने वाले जन विश्वास शिविर को लेकर चर्चा की गयी साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं, लंबित पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई।

सीएम हेल्पलाइन पर सख्त रुख

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की सघन समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत नॉन अटेंड नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नॉन अटेंड शिकायतों के लिए सीधे संबंधित जिला अधिकारी जिम्मेदार होंगे और उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। निम्न गुणवत्ता के साथ बंद किए गए प्रकरणों को नियमानुसार री-ओपन कराकर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ए-श्रेणी में पहुँच चुके विभागों को बधाई देते हुए कहा कि यह टीम वर्क से संभव हुआ है। अन्य विभागों को सप्ताहांत तक ए-श्रेणी में आने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग की असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संयुक्त कलेक्टर को विभाग की सीएम हेल्पलाइन का पृथक से रिव्यू करने को कहा। साथ ही 1000 दिवस से अधिक लंबित 15 प्रकरणों का तीन दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।

टीएल और निर्माण कार्यों की समीक्षा

टीएल पत्रों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस के अभाव में निर्माण कार्यों में विलंब उचित नहीं है। संबंधित अधिकारी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया विधिवत पूर्ण करें और अनुमति के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य प्रारंभ रखें।

स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को रजिस्ट्री की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने तथा परिवीक्षा अवधि वाले लापरवाह पटवारियों को बर्खास्त करने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजना है, इसे समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य है।

अन्य योजनाओं पर चर्चा

बैठक में नेहरू पार्क के सौंदर्यीकरण, आहार अनुदान, संबल योजना, सेवा संकल्प अभियान, कृषक पंजीयन, सामुदायिक वन अधिकार दावा सहित अन्य अंतर-विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शिरी, एसडीएम मंडला शैलेन्द्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन, सुश्री रेखा देशमुख एवं राजेश कौशिक सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।



इनर व्हील क्लब ने 65 कन्याओं को कराया भोजन, कन्याओं संग किया गरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



नवरात्रि के पावन पर्व पर सेवा, श्रद्धा और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला। इनर व्हील क्लब की महिलाओं द्वारा सेवा भारती में निवासरत 65 कन्याओं के लिए विशेष भोजन एवं फलाहार की व्यवस्था की गई। धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकारों से जुड़े इस आयोजन में क्लब की महिलाओं ने कन्याओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराया और उनके साथ समय बिताकर नवरात्रि की खुशियां साझा कीं। व्रत रखने वाली कन्याओं के लिए फलाहार तथा अन्य कन्याओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, ताकि सभी कन्याएं अपनी सुविधानुसार प्रसाद ग्रहण कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने कन्याओं के साथ गरबा किया और मां दुर्गा की आराधना करते हुए परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्ति गीतों और गरबा की उमंग के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य और जीवन में निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर कन्याओं का आशीर्वाद लेकर महिलाओं ने सेवा और समर्पण के माध्यम से नवरात्रि पर्व की सार्थकता को अभिव्यक्त किया।

इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अनीता गोयल ने कार्यक्रम के समापन पर सभी सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "नवरात्रि केवल मां दुर्गा की आराधना का पर्व नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति के सम्मान, सेवा और करुणा का संदेश भी देता है। कन्याओं में हम मां दुर्गा का स्वरूप देखते हैं। उनके साथ समय बिताना, उन्हें भोजन कराना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी कामना है कि सभी कन्याएं शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें तथा उनका भविष्य उज्ज्वल हो। समाज के जरूरतमंद बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।"

इस सेवा एवं धार्मिक आयोजन में अनुराधा चौरसिया, सीमा ज्योतिषी, अंजू ओयम, अनीता राय, सरिता इसरानी, अनीता चंद्रावल, प्रिया पमनानी, नीता डोंगरे, संजू, लता सिंगर, दीपा खंडेलवाल, तृप्ति शुक्ला, शीतल विश्वकर्मा सहित इनर व्हील क्लब की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया और नवरात्रि के अवसर पर सेवा, श्रद्धा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।


नगर के यशोदा नगर में स्थापित।


इन्द्रा कालोनी में स्थापित प्रतिमा


रेल्वे स्टेशन के पास स्थापित प्रतिमा


स्टेशन मार्ग पर स्थापित प्रतिमा


पुराने बिजली आफिस के स्थापित प्रतिमा


विजय कालोनी में स्थापित प्रतिमा

शहर की रक्षक माँ खेरापति मंदिर सहित देवी मठों पर

जल ढारने के लिए सुबह से महिलाओं की उमड़ रही भीड

कन्या भोज के साथ गांव गांव चल रहे धार्मिक अनुष्ठान...

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते शहर व क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से धर्ममय हो चुका है, जिसके चलते नगर के सनातन हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाली माताएं, बहिनों व पुरूषों के साथ साथ युवा सुबह से रात तक जगत जननी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा की भक्ति में लीन रहकर मातारानी का भरपूर आशीष प्राप्त कर निहाल हो रहे है। वही लोग घरों में जहां माँ भवानी की भक्ति, पूजा, आराधना कर माँ जगदम्बा से मनोकामनाओं की पूर्ति का बरदान माँग रहे है। वही नगर के देवी मंदिरों में सुबह मातारानी को जल ढारने वाले श्रद्वालुओं की कतारे लगी दिखाई पड़ रही है। बताया जाता है कि वर्तमान में देवी पंडालों में बिद्युत मालाओं, बंदन वारों से दुर्गोत्सव समितियों द्वारा सुसज्जित दुर्गा पंडालों में बिराजी माँ अम्बे माता की मनोहर झांकियाँ निरंतर सज रही है और रात में मातारानी की विशेष पूजा, महाआरती की जा रही है। वही देखा जा रहा है कि नगर में स्थापित देवी स्थलों पर रात 8 बजे से देर रात तक जगह जगह माँ भगवती की प्रतिमाओं का दर्शन करने सड़कों पर श्रद्वालुओं का निकलना भी शुरू हो



रहा है तथा मातारानी की चूनरी चढ़ाने व 56 व्यंजनों का भोग लगाने तथा देवी दरबारों में जस गायन, भंजन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला लगातार चल रहा है। वही आने वाले दिनों में और इजाफा होते हुये देखा जावेगा। और मातारानी की आराधना में जो कमी रह गई थी उसे पूरा करते हुये जान पड़ रहे है। नवरात्र की तीज माँ चंद्रघंटा के लिये प्रमुख माना जाता है इसी के चलते लोगों ने माँ चंद्रघंटा नमोऽस्तुते के साथ आराधना की गई। अपने शरणागत की दुर्गति का नाश कर उसको सद्गति



प्रदान करने वाली शक्ति का नाम ही दुर्गा है। इसीलिए दुर्गा दुर्गति नाशिनी* भी कहा गया है। दुर्गा शक्ति की उत्पत्ति के पीछे भी बहुत से कारण हैं तथापि मुख्यतः जगत जननी माँ जगदम्बा द्वारा दुर्गम नामक असुर का नाश करने के कारण ही उनका नाम 'दुर्गा' पड़ा। दुर्गम अर्थात जिस तक पहुंचना आसान काम नहीं अथवा जिसका नाश करना हमारी सामर्थ्य से बाहर हो। मनुष्य के भीतर छुपे यह काम, क्रोध , लोभ , मोह और अहंकार जैसे दुर्गुण ही तो दुर्गम असुर हैं जिनका नाश करना



आसान तो नहीं लेकिन माँ की कृपा से असंभव भी नहीं है। नारी के भीतर छुपे स्वाभिमान व सामर्थ्य का प्राकट्य ही 'दुर्गा' है। परम शक्ति सम्पन्न व परम वन्दनीय होने पर भी जब-जब समाज में नारी के प्रति एक तिरस्कृत भाव रखा जाएगा, तब- तब नारी द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन का नाम ही 'दुर्गा' है। नवरात्र का तृतीय दिवस माँ चन्द्रघंटा को समर्पित है। गौरतलब है कि शहर की रक्षक माँ खेरापति मंदिर में विराजी माँ खेरापति की प्रतिमा का तेज निखरता चला जा रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में माँ खेरापति के मंदिर में पहुंच रहे है तथा विधि विधान के साथ मातारानी का पूजन करते हुए देखे जा रहे है। इसी प्रकार से नगर के शक्तिधाम मंदिर में भी सुबह से ही जल ढारने वाले महिलाओं की भीड़ देखने मिल रही है। इस प्रकार से नगर की रक्षक माँ खेरापति के दर्शन कर नगरवासी अपने जीवन को धन्य बना रहे है, तो दूसरी ओर जहां तहां स्थापित दुर्गा स्थलों पर रात में मातारानी की महाआरती के बाद अनेक जगहों पर दीपों के बीच जगमग होती हुई रोशन से श्रद्वालु आनंद लेते हुए मातारानी का जयघोष कर रहे है। इस प्रकार से शारदेय नवरात्र पर्व के तीसरे दिन यानि की कल मंगलवार को घरों व देवी दरबारों में भक्ति पूर्ण माहौल में माँ दुर्गा जी के शांतिदायक, कल्याणकारी, खड्ग और अन्य शस्त्र धारी, सोने सी कांति वाली माँ चन्द्र घंटा रूप की माई की भक्ति धारा में मन मुग्ध भक्तो ने माता भवानी की पूजा की और आज बुधवार को माँ कुष्मांडा की पूजन, आराधना कर भक्त अपने जीवन में नई शक्ति का संचार करेगे। वही दूसरी ओर देखा जा रहा हे कि नवरात्र के दौरान सुबह से भी मंदिरों पर उमड़ने वाली महिलाओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुये पुलिस प्रशासन द्वारा चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है।

खबर संक्षेप

हूटर लगी गाडियों का खुलेआम हो रहा दुरूपयोग,

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय नगर में आये दिन देखने मिल रहा है कि लोगों द्वारा जहां अपने वाहनों में मनमाने तौर से प्रशर हार्न लगाकर ध्वनि अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है? वही दूसरी ओर अनेक लोगों द्वारा अपने चार पाहिया वाहनों में यातायात नियमों को दर किनार करते हुए हूटर लगाकर मनमानी पर उतारू देखे जा रहे है? मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि इस प्रकार से मनमान तौर से हूटरों का हो रहे दुरूउपयोग को लेकर स्थानीय शासन प्रशासन पूर्ण रूप से नजर अदांज कर रहा है, जिसके चलते नगर में अनेक वाहनों में खुलेआम हूटर देखने मिल सकते है, जबकि हूटर लगाने के लिए मा. न्यायालय व परिवहन विभाग द्वारा नियम कानून बनाये गये है, जिनकी खुलेआम आव्हेलना की जा रही है? वही वाहनों में हार्न लगाने के लिए भी लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है, लोगों के वाहनों में लगे हूटर व हार्नो से राहगीरों के लिए परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है, वही स्कूल वाहनों में लगे प्रेशर हार्न से स्कूली बच्चों पर विपरित प्रभाव देखने मिल रहा है, क्षेत्र के कुछ नेताओं द्वारा भी अपने वाहनों में हूटर लगाकर नियमों की अनदेखी करते हुए आये दिन वाहनों के पीछे पुलिस सायरन वाला हूटर बजाकर रौब झाडा जाता है, और जब यह तेज हूटर रात के समय नगर में बजाया जाता है तो सोने वाले लोगों की नीद खराब हो जाती है, मगर धन्य है

मेहमूद पहलवान का निधन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के शास्त्री वार्ड निवासी जामा मस्जिद के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता मेहमूद पहलवान का बीते हुये दिवस लगभग 57 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके अचानक चले जाने से परिवार व शुभचिंतकों में शोक की लहर देखने मिल रही है। मेहमूद पहलवान मिलनसार सामाजिक एवं मददगार व्यक्तित्व के धनी थे। वे लंबे समय तक जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे तथा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते थे। कांग्रेस पार्टी में भी उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। स्व पहलवान राजीव वार्ड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर घटित हुई चाकूबाजी की घटना से रेल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्थाओं की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। जहां एक ओर रेल विभाग द्वारा अपने यात्रियों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की तो बात कही जाती है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए अनेक मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा की व्यवस्थाएं नही होने से रेल यात्रियों को परेशान होने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है..? सालीचौका रेल्वे स्टेशन से क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक गांवों के लोग यात्रा करने के लिए पहुंचते है। लेकिन यहां पर यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे दिखाई देने से नही चूक रही है। देखा जाता है कि यहां पर देर रात तक जहां खुलेआम शराब खोरी का दौर चलते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर महिलाओं के साथ अभद्रता की नजारे आये दिन दिखाई देना आम बात हो चुकी है। मगर इस ओर रेल पुलिस द्वारा किसी तरह से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि रेल यात्री अपने आपको पूर्ण रूप से असुरक्षित महसूस करने से नही चूकते है। इस बात की सच्चाई हरिभूमि द्वारा बीते हुये माह यानि की 8 सितम्बर के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मगर इसके बाद भी रेल पुलिस द्वारा किसी रूप से ध्यान देना उचित नही समझे जाने का परिणाम है कि बीते हुये दिवस यहां सालीचौका रेलवे स्टेशन पर घटित हुई चाकू बाजी की घटना ने जहां हरिभूमि द्वारा रेल



यात्रियों की सुरक्षा पर व्यक्त की गई चिंता पर मुहर लगा दी गई है...? क्योंकि बीते हुये दिवस जब नगर के रेलवे स्टेशन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला हुआ तो रेल यात्रियों में दहशत का महौल निर्मित होने से नह चूक पाया। बताया जाता है कि जबलपुर से सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे बैरागढ़ के एक परिवार पर हुए इस हमले से रेलवे स्टेशन से लेकर पूरा नगर दहल उठा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की मौजूदगी में हुई इस वारदात ने रेल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वही दूसरी ओर घटना को लेकर रेल पुलिस थाने में ग्राम बैरागढ़ निवासी शेख सलीम पिता शेख हमीद उम्र 48 वर्ष द्वारा रेल पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये 10 अक्टूबर को अपने छोटे भाई शेख नईम की मंगनी यादि की सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जबलपुर से परिवार सहित कटनी इटारसी मेमू ट्रेन से सालीचौका आ रहे थें। जब ट्रेन सालीचौका रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं.1 के बजाय 2 नंबर पर आई थी। इस दौरान प्रार्थी अपने पूरे परिवार सहित अपने घर के लिये ओवरब्रिज से पीएफ नं.1 तरफ जा रहै थे। इसी दौरान प्रार्थी अपने परिवार के साथ ब्रिज के उपर पहुंचे तभी एक लडका जो सिलावट मोहल्ले का है। प्रार्थी के परिवार के साथ धक्का मुक्की करने लगा तो इस बात को लेकर प्रार्थी व परिवार के लोगो ने मना किया तभी वह गाली देने लगा और गाली देने से मना करने पर उसके साथ योगेश सिलावट एवं उसके दोनो लडके छोटू व बड्डू तथा ज्ञानू सिंह ने प्रार्थी सहित छोटे भाई शेख नईम एवं भाई के ससुर शौकत अली के साथ मारपीट करते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये किसी धारदार हथियार से सिर एवं नाक कान पर चोट पहुंचाई है और बोले कि सिलावट मोहल्ले मे रहते है। जो करना हे वह कर लेना...। इस तरह घटित हुई चाकूबाजी की घटना में घायल शेख नईम और शौकत अली को लेकर प्रार्थीजन सरकारी अस्पताल सालीचौका ले गये जहां पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक स्तर पर इलाज कर गाडरवारा अस्पताल रैफर कर दिया। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

कुछ साल पहले पंचायतों द्वारा लाखों खर्च करते हुये हरियाली उत्सव के नाम रौपे गये पौधों का हाल खोजो

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत बीते हुये वर्षो में प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए गये पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा, लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है, जिस कारण क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान सरपंच, सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ गया है। जानकारी अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल पचास प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही है। वही दूसरी और क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेट फार्म टूटकर विखरने लगे है। उल्लेखनीय है कि बीते हुये वर्षो में क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को काम देने और हरियाली बढ़ानें के उद्देश्य से बड़ी संख्या मे पेड़ लगाए गए थे जिसके लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई पर लगभग लाखो रूपये की राशि खर्च की गई है। लेकिन इस खर्च का कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है? बीते हुए वर्षो में इस योजना के अंतर्गत की अनेक ग्राम पंचायतों मे पौधें लगाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन ट्री गार्ड के निर्माण कार्यो में अनेकों ग्राम पंचायतो मे अनियमितता बरती गई है? जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत चीचली, सांईखेड़ा व चावरपाठा की अनेक ग्राम पंचायतों में जाकर देखा जा सकता है। हैरत की बात तो यह है कि क्षेत्र के आला अधिकारी भी इस विषय की जानकारी रखते हुये भी इस ओर कड़े कदम उठाने की बजाय चुप्पी साधें हुये है, क्षेत्र मे जहां कही भी हरियाली महोत्सव के नाम राशि को खर्च किया गया था। वही यह योजना दम तोड़ चुकी नजर आ रही है। काबिल गौर है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम मुहैया कराने व विकास के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई थी। लेकिन जहां कही भी यह योजना हर वर्ष हरियाली महोत्सव के नाम पर चलाई गई वहां परिणाम केवल कागजों मे सिमट कर रह गए है। वही दूसरी ओर ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जावे तो वहां की वस्तु स्थिति कुछ अलग बयां कर रही है कि ट्री गार्ड तो निर्माण करवाये गए थें। लेकिन पौधे तैयार नही हो सके,क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों मे जाकर देखा जाए तो ट्री गार्ड के नाम पर इस राशि का बंदरवाट जमकर किया गया है? वही कुछ पंचायातों में तो ट्री गार्ड के नाम से राशि निकालकर पौधों के चारो ओर बेसर्म की बाड़ी लगा दी गई थी, जिससे पैसा की जगह बेसर्म तैयार हो गई है। पूर्व के पंचायती राज कार्यकाल के समय मे रहे सरपंच और सचिव तथा अधिकारियों की मिली भगत दिखाई दे रही है, इसके लिए समूचा प्रशासन तंत्र व ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों की अनियमितताएं खुले रूप मे उजागर हो रही है? विभिन्न ग्राम पंचायतों के विगत पंचवर्षीय मे सरपंच, सचिव व अधिकारियों की इस घोर अनियमितता के चलते क्षेत्रवासियों का हरित क्रांति का सपना अधूरा रह गया है।

पौधा रोपण के दौरान की गई अनदेखी बन रही परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर को हरियाली की चुनरी पहनाने के लिये अनेक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पौधा रोपण किया जाता है उसकी निश्चित तौर से जहां सराहना होने से नही चूक पाती है। इस तरह पर्यावरण की रक्षा करने के लिये की जाने वाली पौधा रोपण की मुहिम निश्चित तौर से सराहनीय है। मगर पौधा रोपण के दौरान स्थल का चयन करने में बरते जाने वाली लापरवाही निश्चित तौर से परेशानी का कारण बनने के साथ साथ आम लोगों के जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से भी नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर में कुछ वर्ष पहले जहां तहां रोपे गये पौधा जो इस समय पेड़ बनने की ओर अग्रसर होते हुये देखे जा रहे है मगर उन पर कुल्हाडी चलाने के लिये लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन हरे भरे वृक्षों पर लोग कुल्हाडी चलाने का मन तो नही बना पाते



है। मगर भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना या फिर परेशानी के चलते उन्हें इस तरह का कदम उठाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। क्योंकि पौधा रोपण करने वाले संस्थाओं द्वारा स्थल का चयन करने में की गई अनदेखी का परिणाम इस तरह से किया गया है कि पौधों को मुख्य नालियों के किनारे या फिर बिजली तारों के नीचे रोपित कर दिये गये है जो अब पेड़ का रूप लेते हुये एक बड़े खतरे की ओर संकेत देने के चलते उन्हें बिजली विभाग द्वारा आये दिन लाईनों के रख रखाब के दौरान मजबूर होकर काटना पड़ रहा है या फिर जिन दुकानों व घरों के सामने इस तरह के पौधा पेड़ बन कर बिजली तारों को छूने की स्थिति में पहुंचने के कारण लोगों को खुद ही कल्हाड़ी चलाने पर मजबूर कर रहे है? इस तरह पौधा रोपण किये जाने के दौरान स्थल चयन करने में की गई अनदेखी के चलते शहर की हरियाली की चुनरी पहनाने की सोच पर मजबूरी के चलते ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है?

चीचली क्षेत्र में कागजों के भरोसे चलते हुए नजर आ रही आंगनवाडी संबंधित योजनाएं

हरिभूमि न्यूज/चीचली। शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्देश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है,मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं व बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि महिला बाल विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले इन योजनाएं के नाम पर सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोडो रूपए खर्च कर जन हितैषी योजनाए बनाती है मगर वह योजनाएं मात्र कागजो तक ही सीमित होने के चलते शासन की राशि बर्बाद ही होते हुए दिखाई देने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न



तो पौष्टिक आहार मिल पा रहा है और न पढाई की सुविधा मिल रही है। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी कोसो दूर दिखाई देने के साथ साथ मात्र कागजों पर चलते हुये देखने मिल रहा है? जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्ण रूप से होती रहती है, जिसके चलते ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, केंद्र प्रभारियों की सांठ गांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल होना आम चर्चा बन चुका है..? इस प्रकार से अनेक केंद्रों पर मनमर्जी इस प्रकार से देखने मिलती रही है कि आंगनबाडी केंद्र कब खुलते है और कब बंद होते है और इन केन्द्रो पर कितने बच्चे पढ़ाई करने के एलि पहुंचते है, जबकि कागजों के हिसाब से दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति दिखाई देने से नही चूकती है, वही अधिकारियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ी में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण ही देखने मिलता है?

हम तो मरेंगे ही सनम मगर तुम को भी ले डूबेंगे....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर इस समय सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति पर अंकुश न लगने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात होती चली जा रही है। मगर वही कुछ वाहन चालकों द्वारा देखा जाता है कि वह इस प्रकार की लापरवाही का परिचय देते है जिसके चलते वह खुद की जिन्दगी को तो खतरे में डालते ही है साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे से डालने से नही चूकते है। इस सच्चाई को देखते हुये लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि भैया हम तो मरेगे ही सनम मगर तुम को भी ले डूबेगे....? मगर इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले इतने बुलंद रहते है कि वह आये दिन मुख्य मार्गो से जिस प्रकार से वाहन चलाते समय लापरवाही का परिचय देते हुए देखे जाते है उससे पुलिस की उदासीनता को खुला प्रमाण दिखाई देते हुए जान पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक युवक अपने स्वयं के स्वार्थो को ध्यान में रखते हुए खुलेआम अपनी जिन्दगी को तो खतरे में डाल ही रहा था वही दूसरी ओर दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे में डालते हुए यातायात नियमों की धडल्ले से धज्जियाँ उड़ाई जा रही थी? बताया जाता है कि स्टैट स्तर के हाईवे माने जाने वाले मार्ग गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच एक स्कूटी पर सवार युवक अपने साथ रखे हुए कुर्सियों पर इस प्रकार से बैठा हुआ था कि उसके बैठने के कारण यदि उसका वाहन अनियंत्रित हो जाता था तो इस हरकत के चलते खुद की जिन्दगी को तो खतरा पैदा होता ही साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था?

मोबाईल पर आने वाले बिजली बिल ग्रामीणों के लिये बन रहे परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से बिजली बिलों की बसूली को लेकर सख्ती बरती जा रही है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बिजली उपभोक्तओं को समय पर बिजली बिल नही मिलने की स्थिति में वह अपने बिलों का समय पर भुगतान नही कर पाने के कारण जबरन उनसे लेट बिल जमा करने का दंड बसूलना कहा तक उचित है? इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि पहले बिजली बिलों का वितरण ग्राम कौड़िया सहित आसपास के गांवों में लाईन मेन द्वारा किये जाने की जगह आम नागरिकों को थोंक के पाव में बिल थमा दिये जाते है और कह दिया जाता है कि वह सभी को बिलों का वितरण कर दे और अब बिलों की जगह मोबाईल पर बिले भेजे जाने लगे है जिसके चलते गांवों में अनेक लोग इस तरह से है जिनके पास मोबाईल फोन नही है है भी तो अंग्रेजी में आने वाले इन बिलों को वह पढ़ नही सकते है जिसके चलते समय पर बिल जमा नही कर पाते है। जिसके चलते स्थिति यह बनती है कि यह बिल समय पर उपभोक्ताओं के पास नही पहुंचने के कारण जहां व समय पर बिलों का भुगतान नही कर पा रहे है, जिसके चलते या तो उनके बिजली कनेक्शन कट जाते है या फिर उनसे बिजली विभाग द्वारा समय पर बिल जमा नही किये जाने की बात को लेकर अंतिरिक्त दंड स्वरूप बिलों की अदायगी कराये जाती है? यही हाल दूर संचार विभाग का भी देखा जा रहा है जो आम लोगों से अपने बिलों का वितरण कराये जाने के कारण समय पर उपभोक्ताओं को देयक बिल नही मिलने के कारण वह परेशान होते हुए देखे जाते है?

खबर संक्षेप

अनुशासनहीनता के मामले में ABVP के दो पदाधिकारियों पर कार्रवाई

डिंडौरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (**ABVP**) में संगठनात्मक नियमों और अनुशासन के पालन को लेकर दो पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला संयोजक गोकुल ठाकुर ने इस संबंध में संगठनात्मक पत्र जारी करते हुए नगर सह मंत्री विशाल ओबेरॉय और दीपेंद्र जोगी को आगामी निर्णय तक संगठनात्मक कार्यों से अस्थायी रूप से कार्यमुक्त किए जाने की जानकारी दी है।जारी पत्र के अनुसार, संगठन के निर्धारित नियमों एवं अनुशासन का पालन नहीं किए जाने के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत दोनों पदाधिकारियों को आगामी आदेश तक संगठनात्मक गतिविधियों से अलग रखा जाएगा।संगठन की ओर से जारी सूचना में कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित नियमों, कार्यपद्धति और अनुशासन के पालन को आवश्यक बताया गया है। संगठनात्मक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया यह निर्णय आगामी निर्देश जारी होने तक प्रभावी रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस पर होमगार्ड और MY भारत की संयुक्त पहल

डैम घाट में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







डिंडौरी। अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर डिंडौरी के डैम घाट में होमगार्ड विभाग एवं MY भारत के संयुक्त सहयोग से आपदा प्रबंधन और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला युवा अधिकारी अनघ त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को आपदा के दौरान सुरक्षा उपायों, राहत-बचाव कार्यों और सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में महिला सेल के डीएसपी पी.एस. मरावी, होमगार्ड कमांडेंट शिवराज पांद्रे अपनी एसडीईआरएफ टीम के साथ तथा यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके उपस्थित रहे। इनके अलावा मेकलसुता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं MY भारत एंबेसडर डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी, प्रयास कोचिंग के मनोज चौकसे, शिवनील नशा मुक्ति केंद्र की ललिता सेन, सुधा तिवारी, देवराज कुशवाहा, अजय ठाकुर एवं डॉ. आलोक द्विवेदी ने सहभागिता की।

आपदा के समय सतर्कता और त्वरित कार्रवाई पर जोर

कार्यक्रम में मेकलसुता महाविद्यालय, चंद्र विजय महाविद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने, सुरक्षित स्थानों की पहचान करने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहने की जानकारी दी गई।होमगार्ड कमांडेंट शिवराज पांद्रे के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम की सहभागिता के माध्यम से आपदा प्रबंधन में समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत-बचाव कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि आपदा के समय सही जानकारी, समय पर निर्णय और सावधानी बरतने से जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है।उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आपदा प्रबंधन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। जागरूक और प्रशिक्षित युवा आपातकालीन परिस्थितियों में समाज की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं

MY भारत टीम का रहा योगदान

कार्यक्रम के सफल आयोजन में MY भारत जिला डिंडौरी की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम में आर.पी. कुशवाहा, तन्मय जैन, महिमा सोनी, शिल्पी साहू, लक्ष्मण चंदेल एवं देवेंद्र बर्मन शामिल रहे।कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक, जिम्मेदार और सहयोगी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन का संदेश रहा कि आपदा से बचाव की तैयारी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और सजग युवाओं की भागीदारी से सुरक्षित एवं आपदा-प्रतिरोधी समाज का निर्माण किया जा सकता है।

जन सुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश



डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री दिव्यांशु चौधरी ने आम नागरिकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर निराकरण योग्य प्रकरणों का समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिक्रमण और अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में अनियमितता की शिकायत

जनसुनवाई में ग्राम मझियाखार निवासी श्री महेश प्रसाद चौरसिया ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता बंद किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आवेदन में प्रशांत चौरसिया पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया। मामले में सीईओ जिला पंचायत ने एसडीएम बजाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इसी तरह गोरखपुर निवासी श्रीमती हीरा टांडिया ने विकासखंड करंजिया के संकुल केंद्र मूसामुंडी अंतर्गत प्राथमिक शाला दपकी टोला में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में पक्षपात किए जाने तथा अपात्र अभ्यर्थी को नियुक्त करने की शिकायत की। इस पर संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।वहीं, ग्राम पंचायत पड़रिया कला के सरपंच एवं ग्रामीणों ने निर्माणाधीन अन्न भंडारण गोदाम के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को स्थानांतरित कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत लाइन भवन के ऊपर से गुजरने के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर कार्यपालन यंत्री, विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

नल-जल योजना अधूरी, ग्रामीणों ने बताई पेयजल की समस्या

ग्राम झांखी, जनपद पंचायत समनापुर के ग्रामीणों ने नल-जल योजना का कार्य अधूरा होने और पेयजल संकट की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत कराए गए दो बोर में से एक में मोटर डालते समय मोटर अंदर गिर गई। इसके अलावा पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा है। बैगा टोला में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।मामले को गंभीरता से लेते हुए सीईओ जिला पंचायत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के कार्यपालन यंत्री को जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराने और पेयजल समस्या का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ग्राम बंगवार के ग्रामीणों ने शासकीय भवन एवं खेल मैदान के लिए आरक्षित लगभग सात एकड़ भूमि पर कथित अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत की। ग्रामीणों का कहना था कि भूमि पर आठ कमरों के मकान का पिलंथ तैयार किया गया है, जबकि लगभग 50 से 60 डिसमिल क्षेत्र में मकान बनाकर निवास भी किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे स्कूली बच्चों की खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।इस पर सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों के आधार पर परीक्षण किया जाए और निर्धारित समय-सीमा में उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए, ताकि जरूरतमंद नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

जनसुनवाई में समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान नागरिकों का रक्तचाप, मधुमेह सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के आधार पर आवश्यक परामर्श देते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।इस पहल से नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्राप्त हुई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कैरियर मार्गदर्शन एवं 'वोकल फॉर लोकल' पर संवाद आयोजित



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन, 'वोकल फॉर लोकल', स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, उद्यमिता एवं कौशल विकास के अवसरों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना तथा स्थानीय संसाधनों एवं उत्पादों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप कैरियर का चयन करने के साथ-साथ वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुसार व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल विकसित करने की आवश्यकता बताई गई।कार्यक्रम में आशीष कुमार मरावी ने 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय उत्पादों को अपनाने, उनके प्रचार-प्रसार और विपणन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कृषि आधारित उत्पादों, स्थानीय हस्तकला, पारंपरिक कला-कौशल एवं क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार और लघु उद्यम स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।प्रदीप कुमार कहार ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं को शिक्षा प्राप्त करने के बाद केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने ज्ञान, रचनात्मकता, नवाचार और कौशल के माध्यम से रोजगार सृजन करने की दिशा में भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों से स्थानीय उत्पादों का प्रचार करने, उनकी गुणवत्ता में सुधार लाने तथा बाजार की मांग को समझने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, शासन की रोजगारोन्मुखी योजनाओं और कौशल प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी प्राप्त करने पर भी जोर दिया।

डॉ. सुनील काकोड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि डिंडौरी जिला ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल होने के बावजूद स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और हुनर की दृष्टि से अपार संभावनाएं रखता है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं कौशल को उद्यमिता से जोड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।कार्यक्रम में युवाओं के भीतर आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्थानीय संसाधनों का सदुपयोग करते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर तलाशने और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक करने, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय उत्पादों और कौशल को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य रामकुमार टेकाम, डॉ. निगहत खान तथा कर्मचारी समीर धुर्वे, ऋचा जंघेला, सुमनलता मरावी, कांति धुर्वे, ओमकार वाटिया, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम, मंगलसिंह दुलारिया एवं कौशलेंद्र पाल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सेवा संकल्प अभियान के तहत करंजिया शिविर में 209 हितग्राहियों का पंजीयन

डिंडौरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जनपद पंचायत करंजिया में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 209 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जबकि 171 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लाभ के लिए चिन्हित किया गया।शिविर में पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ-पैर, सहायक उपकरण, वयोश्री योजना, विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी), मेडिकल प्रमाण पत्र तथा पेंशन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन, परीक्षण एवं चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हितग्राहियों की आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की।

कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों के लिए हुआ पंजीयन

शिविर में किए गए पंजीयन के अनुसार, कृत्रिम अंग के लिए 11, सहायक उपकरणों के लिए 41, वयोश्री योजना के अंतर्गत 62, यूडीआईडी कार्ड के लिए 36, मेडिकल प्रमाण पत्र के लिए 17 तथा पेंशन संबंधी सुविधाओं के लिए 4 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया। अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को जरूरत के अनुसार उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को सहज बनाना तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।जिले में 12 से 17 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 12 अक्टूबर को जनपद पंचायत करंजिया में शिविर आयोजित किया गया। 13 अक्टूबर को जनपद पंचायत बजाग, 14 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय डिंडौरी, 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत समनापुर, 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत मेंहदवानी तथा 17 अक्टूबर को जनपद पंचायत शहपुरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का परीक्षण एवं पंजीयन कर उन्हें आवश्यक सुविधाओं और योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी।करंजिया में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू उइके, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक श्याम सिंगौर, स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी, डॉ. अजय राज, डॉ. प्रकाश ठाकुर एवं डॉ. मिनी मोर्वे उपस्थित रहे।इसके अलावा एलिम्को से नवनीत तिवारी, प्रणव शुक्ला एवं मुकेश लोधी तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) से डॉ. आनंद गोल्हानी, श्रीमती रुचि विनोदिया एवं श्री सरमन ठाकुर ने सहभागिता की। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कमलेश्वर सिंह धुर्वे भी शिविर में मौजूद रहे।शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वय के साथ हितग्राहियों के पंजीयन, परीक्षण और योजनाओं के लिए पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया में सहयोग किया। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रशासन का प्रयास है कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों तक आवश्यक सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में विद्यार्थियों को पुलिस ने दिया सुरक्षा एवं करियर मार्गदर्शन





डिंडौरी।

विद्यार्थियों को सुरक्षा, कानून और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ उनके करियर निर्माण में मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा तथा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक श्री खरे ने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति गंभीर रहने और लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, नियमित अध्ययन, समय का सही उपयोग और निरंतर मेहनत जरूरी है। पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय सेवाओं में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया।

साइबर ठगी से सतर्क रहने और यातायात नियमों के पालन की समझाइश

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर ठगी एवं ऑनलाइन अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। उन्हें अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ऑनलाइन गतिविधियों में सावधानी बरतने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले सतर्क रहने की समझाइश दी गई।इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार रहने तथा महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता बरतने की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. पांडे, बीईओ अजय राय, एसडीओपी विवेक गौतम, थाना प्रभारी करंजिया श्याम सुंदर उसराठे, आरआई अभिनव राय एवं एएसआई बृजेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।इसके अलावा साइबर सेल से प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान एवं प्रधान आरक्षक श्रीमती संगीता टांडिया सहित विद्यालय के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने के साथ उन्हें जागरूक, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

असफल नसबंदी के मामले में रिश्वत मांगने के आरोपी का पीड़िता ने सीएमएचओ से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरकार द्वारा स्वास्थ्य प्रति जागरूक रवैया अपनाकर लोगों बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को सरकार की योजनाओं तथा मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाता और लोगों सरकार को दोष देते हुए नजर आते है। ऐसा ही मामला जिले में सामने आया जिसमें पीड़ता द्वारा मुख्यचिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग रखी। पीड़ता की शिकायत के अनुसार प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा नसबंदी असफल होने का प्रकरण दर्ज करने के एवज में एक हजार रूपए की राशि की मांग की गई और पैसे ना देने पर जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा प्रकरण नही बनाया गया और ना ही आनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया गया।

मामला इस प्रकार

जिले के सालीचौका विकासखंड क्षेत्र निवासी श्रीमती संगीता कौरव द्वारा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर के नाम



शिकायत देकर कार्रवाई की मांग गई है शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर के नाम भी दी गई। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2020 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में महिला नसबंदी ऑपरेशन कराया था। लेकिन वर्ष 2023 में गर्भवती होने पर जिला चिकित्सालय में जांच कराई गई। नसबंदी असफल होने पर मेरे पति मनोज कौरव, श्रीमति शिववती रजक ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता महगुवा मेरे समस्त दस्तावेज लेकर साथ मे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सालीचैका गये थे वहां पर श्रीमति हेमलता वाणी ने हमारे समस्त असफल नसबंदी से सम्बन्धित दस्तावेज जैसे सोनोग्राफी जार्च, यूरिन जार्च, बैंक पासबुक की छायाप्रति आधार कार्ड, समग्र आई डी और नसबंदी प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अन्य उपचार पर्ची मुझसे ले ली गई परन्तु प्रकरण तैयार नही किया गया।

एक हजार की मांगी रिश्वत

शिकायत में बताया गया है कि नसबंदी असफल होने के प्रकरण को लेकर बार - बार कार्यालय जाने पर प्रकरण को ऑनलाइन करने के लिए बीईई हेमलता वाणी द्वारा 1000 रूपए मांगे गये लेकिन मेने 1000 रूपए देने से इंकार कर दिया और हम वापिस आ गये और हम पुनः गये तो उन्होने दो बार हमारे दस्तावेज फिर ले लिये हमारे असफल नसबंदी की राशि ना आने पर मैने सी एम हेल्प लाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई उसके बाद भी असफल नसबंदी का प्रकरण तैयार नही किया गया और ना ही अभी सरकार के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि मिल सकी है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे अधिकारी कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई की जाए जिससे शासन द्वारा संचालित की जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर मिल सके।

दस्तावेज लेने बाद भी नही बनाया प्रकरण

शासन के भ्रष्ट व लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के कारनामों का दंश आम नागरिक कब तक भोगते रहेगें। शासन से वेतन लेने के बाद भी आम लोगों से अवैध राशि की मांग करना शासकीय कर्मचारियों के लिए आम बात होती नजर आने लगी है। उक्त मामले में भी ऐसा ही हुआ शिकायतकर्ता के पति द्वारा रिश्वत की राशि एक हजार रूपए ना देने के कारण असफल नसबंदी का प्रकरण तैयार नही किया गया। जो कि नियम के विपरीत है प्रशासन को चाहिए की ऐसे लापरवाह तथा भ्रष्ट कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे अन्य भ्रष्ट कर्मचारियों को भी सीख मिल सके और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके।

इनका कहना है

उक्त संबंध में शिकायत प्राप्त हुई जांच की जावेगी।

डॉ. मनीष मिश्रा सीएमएचओ

खबर संक्षेप



काव्या ने बनाई मां दुर्गा की पेंटिंग

तेंदूखेड़ा सुंदर पेंटिंग चित्रकला के लिए तथा त्यौहार विशेष पर त्वरित पेंटिंग बनाने में निपुण काव्या नगरिया ने इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर पुनः जोरदार मां दुर्गा की मधु कैटभ मर्दनी की पेंटिंग को ड्राइंग सीट पर उकेरा है। काव्या ने हाल ही में संकल्प अभियान के तहत लखपति दीदी की सुंदर पेंटिंग बनाई थी जिसे जिला स्तर पर फिर भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा सम्मानित किया गया है। इसके पूर्व में 22 जनवरी श्री राम मंदिर पर बहुत ही सुन्दर पेंटिंग के लिए काव्या ने क्षेत्र में सराहना बटोरी थी।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



तेंदूखेड़ा। शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्र पर्व और दशहरा पर्व पर शांति सुरक्षा बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस द्वारा दुर्गा पंडालों मुख्य बाजार और भीड़ वाले क्षेत्रों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा नगर निरीक्षक किशोर बामनकर और सुआतला नगर निरीक्षक दोनों थानों का पुलिस बल तैनात रहा।

नगर की बेटी नगर में दे रही स्वास्थ्य सेवाएं



तेन्दूखेडा। नगर के प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार की होनहार बिटिया डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल की पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेडा में मेडीकल आफीसर बान्ड के पद पर की गई है। डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने अपनी एमबी बीएस की पढ़ाई चिरायु मेडीकल कालेज भोपाल से पूर्ण की है एवं इसके पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुरपा नरसिंहपुर मे लगभग 1 वर्ष सेवायें प्रदान की हैं। इनकी पदस्थापना से तेन्दूखेडा क्षेत्र की महिलाओ को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श एवं उपचार क्षेत्र के लिए प्राप्त होगा।

मणिद्वीप सृजन सम्मान हेतु आनंद नेमा चयनित



नरसिंहपुर। म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन भोपाल ने कविता विधा में मणिद्वीप सृजन सम्मान के लिए आनंद नेमा को चयनित किया है। यह सम्मान उन्हें 31 अक्टूबर - 1 नवम्बर 2026 को भोपाल में होने जा रहे सम्मेलन के शब्द उत्सव समारोह में दिया जाएगा। आनंद नेमा संवेदनशील कवि हैं जिनकी रचनाओं में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति चिंतन और मनुष्य की गरिमा अभिव्यक्त होती है। वे नरसिंहपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सचिव हैं। श्री नेमा की रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं तथा पर्यावरण शिक्षा पर केंद्रित पुस्तकों को संपादित प्रकाशित हैं।

जनसुनवाई में आए 107 आवेदन



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में से 11 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शेष आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

वृक्ष पूजन एवं पौधारोपण

नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित शक्ति से सृजन कार्यक्रम के तहत नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम जरजोला में वृक्ष पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।


नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैली से दिया टीबी जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने तथा आमजन को क्षय रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। 1 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी शेरावत के निर्देश तथा प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के मार्गदर्शन में बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया तथा शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। बस स्टैंड पर आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि टीबी मुक्त भारत बनाएं, टीबी से लड़ें और देश को स्वस्थ बनाएं। कैडेट्स ने बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलती है और फेफड़ों को प्रभावित करती है। दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, बलगम आना, बुखार, रात में पसीना आना तथा वजन कम होना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समय पर जांच कराना और चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि टीबी का उपचार संभव है। टीबी के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यार्थियों को दिया बचाव प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'माय भारत' अभियान के अंतर्गत शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप और आगजनी जैसी आपदाओं से बचाव, आपातकालीन प्रबंधन तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयोजित आपदा एवं बचाव विषयक चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के मनु वर्मा ने प्रथम, कक्षा 9वीं के सौरभ सेन ने द्वितीय तथा कक्षा 11वीं के गौरी शंकर मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। होमगार्ड के हवलदार सुंदर उईके, ने आपदा राहत एवं बचाव कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने आपात स्थिति में धैर्य बनाए रखने, सुरक्षित निकासी और प्राथमिक उपचार के उपाय बताए। एसडीआरएफ के राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम ने भी आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। माय भारत वॉलंटियर वैशाली पांडे ने विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुश्री आशा नेमा, शिक्षक व शिक्षिकाएं, होमगार्ड के संजय ठाकुर, संतोष पटेल एवं दीवान पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में माय भारत वॉलंटियर कालूराम विश्वकर्मा एवं खुशी ढिमोले का सहयोग रहा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ यतीन्द्र महोबे के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता विषयों पर चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस गतिविधि के लिए नशा मुक्त, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, भारतीय सेना का शौर्य, विकसित भारत, भारतीय ज्ञान परंपरा, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों की सेवा, डिजिटल साक्षरता, मध्य प्रदेश की लोक कलाओं, भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय निर्धारित किए गए थे। छात्राओं ने इन विषयों पर संदेशपरक चित्र, सुंदर रंग-संयोजन, आकर्षक सज्जा एवं प्रेरणादायक नारों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। उनके द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ कला के प्रति उनकी रुचि, कल्पनाशीलता और रचनात्मक कौशल को भी प्रदर्शित करते हैं।इस गतिविधि में ग्रीटिंगकार्ड बनाने के लिए बच्चों को श्री नीरज पटेल, श्रीमती बिंदुबाला जैन, कु चंद्रप्रभा नेमा, कु निकिता कोष्ठी, कु रूचि जैन ने विशेष रूप से प्रेरित किया।

कलेक्टर एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार की शाम को नरसिंहपुर नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान अधिकारियों ने नगर के प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं मार्गों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों को अपनी दुकानों की सामग्री सड़क पर नहीं रखने की समझाइश दी।

नवरात्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सावित्री सिनेमघर परिसर में उन्नति महिला मंडल द्वारा डांडिया और रास गरबा का एक भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव में मुख्य आकर्षण और विशेष अतिथि के रूप में जिले की कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं मंजू राव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। गरबा नृत्य कर रही महिलाओं व बच्चियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस शानदार आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर शहर की अनेक गणमान्य महिलाएँ भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।







जनाकर्षण की केंद्र बनीं महाकाली की झांकी

तेंदूखेड़ा। इन दिनों शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है।दुर्गा समीतियों द्वारा अपने अपने अंदाज में मनोहारी झांकी बनाई गई है।इसी श्रंखला में नगर के वार्ड क्रमांक 05 बागदाने दुर्गा उत्सव समीति के द्वारा महाकाली की प्रतिमा विराजित की है तथा सुंदर झांकी जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहें हैं।इसी तरह हर वर्ष की तरह नगरिया मंदिर परिसर में नवीन नव दुर्गोत्सव समिति द्वारा सुंदर झांकी बनाई गई है। तथा नायक मंदिर परिसर में मां भगवती की मनोरम प्रतिमा दर्शनार्थियों का मन मोह रही है।

राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में श्रीजी प्रथम स्थान पर



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हुई जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल तेंदूखेड़ा द्वितीय स्थान ज्ञानोदय तथा तृतीय स्थान पर सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेड़ा ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर चयनित श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का चयन प्रांत लेवल पर हुआ। अब यह टीम 16 अक्टूबर को दमोह में प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस समूह गान प्रतियोगिता में भारत विकास परिषद के जेके शर्मा सुनील कोठारी सुधीर मिश्रा पं संजय तिवारी पंकज स्वदेशी सचिन गुप्ता आशुतोष वर्मा उमेश दुबे रजनीश जैन के साथ भारत विकास परिषद इकाई तेंदूखेड़ा से अमित खरे मनोज दुबे पुरुषोत्तम बसेड़िया रामकुमार ठाकुर मलखान सिंह पटेल त्रिलोक जैन बसंत यशवंत खेरोनिया सुरेंद्र पटेल रत्नेश बाजपेई काशीराम राय श्रीमती अनीता ज्योति खरोनिया डॉ दीपक पटेल उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन किया।निर्णायक मंडल के रूप में नारायण दास महंत संजय तिवारी पंडित नितिन मिश्रा ने सभी विधाओं में परफॉर्मेंस देखकर अपना निर्णय सुनाया। कार्यक्रम का संचालन निधि यादव विशाल तिवारी ने किया।भारत विकास परिषद ने सभी का आभार व्यक्त किया।